भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1289
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन स्थलों का विकास**

**†1289. कैप्टन बृजेश चौटाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में चुनौती के रूप में देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए बजट 2025 में घोषित पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन स्थलों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंड और प्रक्रिया क्या है, तथा भूमि उपलब्ध कराने और बुनियादी ढांचे को सुकर बनाने में राज्य सरकारों की भूमिका क्या है;

(ग) क्या पहचाने गए स्थलों में बुनियादी ढांचे की हार्मोनाइज्ड मास्टर लिस्ट (एचएमएल) के तहत होटल बुनियादी ढांचा और उससे जुड़े प्रोत्साहन शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को इस पहल के तहत कर्नाटक राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, और यदि हां, तो क्या मंगलुरु या दक्षिण कन्नड़ में कोई स्थल प्रस्तावित या सूचीबद्ध किया गया है, और ऐसे प्रस्ताबों की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में उल्लेख है कि 'देश के शीर्ष 50 पर्यटन गंतव्य स्थलों को चुनौती मोड के माध्यम से राज्यों के साथ साझेदारी में विकसित किया जाएगा। आधारभूत व्क प्रमुख अवसंरचना निर्माण के लिए भूमि राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इन गंतव्यों के होटलों को अवसंरचना सामंजस्यपूर्ण मास्टर सूची (एचएमएल) में शामिल किया जाएगा। मानदंडों के संबंध में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों और अन्य हितधारकों से विचार-विमर्श किया गया है।

इस पहल के तहत गंतव्य चयन के मानदंडों में गंतव्यों की क्षमता, राज्य/स्थानीय सरकारों की तैयारी, निजी निवेश की संभावना आदि को मौटे तौर पर शामिल किया जाएगा।

******